


टेप लगी जर्सी क्यों पहने थे पंत?

असल में पंत इसी महीने खत्म हुए icc टी20 वर्ल्ड कप की जर्सी पहनकर आ गए थे। उसपर वर्ल्ड कप का लोगो बना हुआ था। 24 साल के पंत ने टेप से उसे छिपाया हुआ था। हालांकि कुछ देर बाद शायद पंत को उनकी जर्सी मिल गई। बैटिंग करते वक्त उन्होंने ठीक जर्सी पहन रखी थी।

## टेप लगी जर्सी पहनकर विकेटकीपिंग क्यों कर रहे थे ऋषभ पंत?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में ऋषभ पंत की जर्सी फैन्स के लिए चर्चा की वजह बन गई। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर कीवियों को बल्लेबाजी का न्योता दिया। जब विकेटकीपर पंत मैदान पर आए तो उनकी जर्सी पर टेप लगा हुआ था। कई लोगों को यह देखकर अचरज हुआ क्योंकि बाकी प्लेयर्स की जर्सी एकदम दुरुस्त थी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम ने 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए थे। जवाब में रोहित और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी हुई। इसके बाद टिम साउदी ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट झटके। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर ने मिलकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। 18वें ओवर में पंत ने लगातार दो छक्के लगाकर 155 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया। पंत और अय्यर ने 12-12 नाबाद रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच जीतने के बावजूद कप्तान रोहित शर्मा अपने आक्रामक तेवर नहीं छोड़ेंगे।

# रोहित शर्मा का बड़ा ऐलान अब सबका टाइम आएगा

**क्रिकेट**

## कप्तानी मिलते ही रोहित शर्मा ने जीती पहली सीरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम आइसीसी टी20 विश्व कप की हार को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उतरी। नए कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को पहले मैच में दमदार जीत के साथ शुरुआत दिलाई। दूसरे मुकाबले में कप्तान ने एक और कमाल की पारी खेलते हुए शानदार रिकार्ड अपने नाम किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची टी20 में उन्होंने छक्के जमाने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी को पछाड़ा।

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार दूसरे मैच में टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। थोड़ी ढीली शुरुआत के बाद भारतीय टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी कर कीवी टीम को 153 रन के स्कोर पर रोक दिया। कप्तान ने मैच में शानदार अर्धशतक जमाया और जीत में भागीदारी निभाई। इस




पारी के दौरान रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 450वें छक्के पूरे कर लिए।

**शाहिद अफरीदी को छोड़ा पीछे**

रोहित इंटरनेशनल क्रिकेट में 450 या उससे ज्यादा छक्के लगाने वाले महज तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची टी20 में पहला छक्का जमाते ही इस जादुई आंकड़े को छू लिया। 404वीं पारी में यह कमाल किया और पाकिस्तानी दिग्गज शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़ा। 450वां छक्का लगाने के लिए पाक धुरंधर ने 487 पारी ली थी। वहीं वेस्टइंडीज के बल्लेबाज क्रिस गेल ने 499 पारी खेलने के बाद इस मुकाम को हासिल किया था।

**तोड़ा क्रिस गेल का रिकार्ड:** रोहित ने इस मैच में अफरीदी के सबसे तेज 450 छक्के के रिकार्ड के साथ सबसे ज्यादा बार एक पारी में 5 या उससे अधिक छक्के लगाने का रिकार्ड बनाया। अब 11 टी20 मुकाबलों में रोहित ने 5 से ज्यादा छक्के लगाने का रिकार्ड बनाया। वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल ने 10 टी20 मैच में 5 या इससे ज्यादा छक्के लगाए थे।

**रोहित के 450 छक्के पूरे:** टेस्ट क्रिकेट में महज 63 छक्के जमाने वाले रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा 244 बार गेंद को स्टेडियम में पहुंचाया है। टी20 क्रिकेट में उनके नाम 146 छक्के हो गए हैं। इस तरह से उन्होंने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट में छक्कों की लिस्ट 450 के पार पहुंचा दी है।

## सुरक्षा घेरा तोड़ रोहित के सामने हो गया दंडवत, फैन की दीवानगी देख झेंप गए हिटमैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टी-20 मैच के दौरान इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के एक फैन ने दीवानगी की सभी हदें पार कर दीं। हिटमैन के इस प्रशंसक ने सिक्योरिटी तोड़ अचानक मैदान में दौड़ लगा दी। फिर रोहित शर्मा के पास जाकर दंडवत लेट गया।

सलामी बल्लेबाज इस दीवानगी को देख थोड़ा झेंप गए। उन्होंने प्रशंसक से ऐसा नहीं करने और उठने की रिक्वेस्ट की। रोहित का यह प्रशंसक जमीन पर दोनों हाथ जोड़कर लेट गया। हालांकि, वह रोहित के पैर नहीं छू सका। सिक्योरिटी को अपनी तरफ आता देख वह झटपट उठ खड़ा हुआ



और दोबारा दौड़कर दर्शकों में बैठ गया। कई लोगों ने इस लम्हे को कैमरे में कैद कर लिया।

यह पहला मौका नहीं है जब रोहित को छूने या उनके पास जाने की किसी फैन ने ऐसी बेताबी दिखाई हो। इसके पहले भी कई मौकों पर रोहित के चाहने वाले उनसे मिलने के लिए सुरक्षा घेरे को तोड़ मैदान में घुस चुके हैं।

गेंदबाजों की शानदार वापसी के साथ ही रोहित शर्मा और केएल राहुल के ताबड़तोड़ अर्धशतकों की बदौलत भारत ने शुक्रवार रांची में खेले गए इस मैच में न्यूजीलैंड को तीन ओवर पहले ही सात विकेट से पटखनी दी। इस जीत के साथ ही तीन मैच की टी-20 सीरीज में टीम इंडिया ने 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली है। सीरीज का तीसरा मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डंस में रविवार को होगा, जो अब सिर्फ औपचारिकता बनकर ही रह गया है।

## पहले टेस्ट के लिए कानपुर पहुंचे 11 भारतीय क्रिकेटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। ग्रीनपार्क स्टेडियम में 25 नवंबर से होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मुकाबले के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के 11 सदस्य शुक्रवार को शहर पहुंचे। एयरपोर्ट से पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के पदाधिकारी उन्हें सुरक्षित माहौल में बस से होटल लैंडमार्क लाए। यहां सभी खिलाड़ी 17वें तल पर तीन दिन के लिए क्वारंटाइन हो गए। वहीं, आलराउंडर रवींद्र जडेजा को लखनऊ से लेकर यूपीसीए का वाहन होटल लैंडमार्क पहुंचा। चकेरी एयरपोर्ट पर दोपहर 3ः40 बजे स्पाइसजेट की फ्लाइट से कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ उप कप्तान चेतेश्वर पुजारा, मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, रिद्धिमान शाह, केएस भरत, जयंत यादव, ईशांत शर्मा, उमेश यादव और प्रसिद्ध कृष्णा को बस से लाया गया। एयरपोर्ट पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ यूपीसीए के लोकल मैनेजर आलोक गुप्ता आदि ने उन्हें एयरपोर्ट से होटल तक पहुंचाया। रामादेवी के पास रोड के दोनों ओर खड़े लोगों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

## न्यूज डायरी




### हर्षल पटेल ने कहा- मेरे ऊपर डिविलियर्स का बड़ा गहरा प्रभाव है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रांची। न्यूजीलैंड के खिलाफ रांची टी20 में डेब्यू करने वाले हर्षल पटेल पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से खासे प्रभावित हैं। पटेल ने कहा कि वह डिविलियर्स को चुपचाप देखते आए हैं और उनके करिअर पर गहरी छाप छोड़ी है। पटेल और डिविलियर्स एक साथ इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेल चुके हैं। डिविलियर्स ने शुक्रवार को ऐलान किया कि वह क्रिकेट के सभी फॉर्मेट्स से संन्यास ले रहे हैं। एक वीडियो में डिविलियर्स ने त्व्ठ मैनेजमेंट और अपने दोस्त विराट कोहली का शुक्रिया अदा किया। डिविलियर्स ने आरसीबी के लिए 156 मैच खेले हैं और 4,491 रन बनाए हैं। वह विराट कोहली के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। पटेल ने टी20 पहले मैच में अपने कोटे के 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट झटके। उनकी शानदार गेंदबाजी के चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह पाचवें ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले टी20 मैच में ही मैन ऑफ द मैच का अवार्ड जीता।

### मनीष पांडे व रोहन की दमदार पारी, कर्नाटक ने विदर्भ को दिया बड़ा टारगेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी 2021-22 के दूसरे सेमीफाइनल मैच में कर्नाटक ने विदर्भ के खिलाफ 20 ओवर में 7 विकेट पर 176 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया। कर्नाटक को इस मजबूत स्थिति तक पहुंचाने में कप्तान व ओपनर बल्लेबाज मनीष पांडे व रोहन कदम की पारी का बड़ा योगदान रहा। इन दोनों ने अपनी टीम के लिए पहली पारी में पहले विकेट के लिए 132 रन की शतकीय साझेदारी करते हुए बेहद मजबूत शुरुआत दी। हालांकि इन दोनों के आउट होने के बाद कर्नाटक ने अपने 5 विकेट काफी जल्दी-जल्दी गंवा दिए, लेकिन फिर भी टीम 176 के स्कोर तक पहुंच गई। कर्नाटक के दोनों ओपनर बल्लेबाज कप्तान मनीष पांडे व रोहन कदम ने टीम के लिए काफी अच्छी पारी खेली और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 132 रन की मजबूत शतकीय साझेदारी भी हुई। इस मैच में पहली पारी में कर्नाटक के ओपनर बल्लेबाज रोहन कदम ने 56 गेंदों पर 155.36 के स्ट्राइक रेट से 87 रन की पारी खेली और अपनी इस पारी के दौरान 4 छक्के व 7 चौके जड़े।

### तमिलनाडु ने धमाकेदार जीत से रचा इतिहास, हैदराबाद को पीट पहुंची फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की घरेलू टी20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम का फैसला हो गया है। तमिलनाडु ने धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर हैदराबाद को मात देकर लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह पक्की की। इस टूर्नामेंट में ऐसा करने वाली तमिलनाडु पहली टीम बन गई है। घातक गेंदबाजी के दम पर टीम ने पहले हैदराबाद को 90 रन पर समेटा और फिर 14.2 ओवर में 2 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर शान से फाइनल का टिकट पक्का किया। शनिवार को खेले गए टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु के कप्तान विजय शंकर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पी श्रवण कुमार की धारदार गेंदबाजी के आगे हैदराबाद की बल्लेबाजी बेबस नजर आई।

### टिम पेन को 2017 में ही मिल गई थी क्लीन चिट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टिम पेन ने साल 2017 के सेक्सटिंग स्कैंडल मामले के लिए टेस्ट टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस साल तस्मानिया के लिए खेलते हुए एक महिला सहकर्मी के साथ अश्लील तस्वीरें और संदेश एक्सचेंज किए थे। हालांकि उस साल इस मामले में खुद क्रिकेट आस्ट्रेलिया और क्रिकेट तस्मानिया की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिली थी। इसके बाद ही वो आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कप्तान साल 2018 में बनाए गए थे, लेकिन अब एक बार फिर से ये मामला सामने आ गया और उन्होंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया और क्रिकेट टीम की भलाई को देखते हुए कप्तानी छोड़ दी।